Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding issues pertaining to implementation of National Water Mission -laid.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): 'राष्ट्रीय जल मिशन योजना' जो सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य देश में प्रत्येक नागरिक को पीने का पानी नल के द्वारा सुगमता से उपलब्ध कराना है ।

राजस्थान प्रदेश शुरू से ही जल संकट का सामना करता आ रहा है जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा अनुदान राशि 10180.50 करोड़ रुपये का भी अभी तक उपयोग नहीं हो पाया है । राजस्थान प्रदेश में जल मिशन योजना में हर घर में जल कनेक्शन के तहत 150 करोड़ की धनराशि जारी की गई है ।

मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं का समय पर विभागीय आंकलन करके कार्य में विलंब को दूर किया जाये । राष्ट्रीय जल मिशन योजना देश के हर नागरिक के लिए उपयोगी साबित होने वाली योजना है जिस पर समय पर कार्य किया जाना जरूरी है ।

मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि राष्ट्रीय जल मिशन योजना जो देश के लिए अत्यंत उपयोगी है । योजना का कार्य समय पर शुरू किया जाये जिससे कि प्रदेश की जनता को इसका लाभ समय पर मिल सके ।